तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 12 अगस्त 2024

11 आदिवासियों के बिना जंगल के अस्तित्व की कल्पना व्यर्थ



12 कार्यकर्ताओं की एकता ही पार्टी की ताकत एकजुट होकर कांग्रेस को बनाएं मजबूत





# डायरिया प्रभावित ग्राम करमदा पहुंचे कलेक्टर दीपक ने कहा - स्थिति नियंत्रण में


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- सभी नलकूपों की जल जांच व मेडिकल टीम सहित पर्याप्त दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी रविवार को विकासखण्ड बलौदाबाजार के अंतर्गत डायरिया प्रभावित ग्राम करमदा पहुंचे। उन्होंने गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए मेडिकल कैम्प में भर्ती मरीजों का जायजा लिया। डायरिया की स्थिति की जानकारी बीएमओ से ली। बीएमओ डॉ. अभिजीत बेनर्जी ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है। वर्तमान में 11 मरीजों का इलाज जारी है जबकि 13 का डिस्चार्ज किया गया है। बेहतर इलाज हेतु 2 मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

कलेक्टर ने गांव में डायरिया को और फैलने से रोकने के लिए सभी नलकूपों में पानी की जाँच कराने तथा पानी को उबालकर पीने एवं ताजा भोजन का सेवन करने के सम्बन्ध में ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कैम्प में जरुरी दवाइयों की पर्याप्त मात्र में उपलब्धता तथा मेडिकल स्टॉफ की संख्या बढ़ाकर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्टॉफ सहित एम्बुलेंस कि भी तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने बीएमओ को गांव में रहकर स्थिति पर पूरी तरह निगरानी रखने तथा डायरिया को और न फैलने देने के सभी उपाय सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान एस डीएम अमित कुमार गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल सहित अन्य अधिकारी –कर्मचारी मौजूद थे।

## मेडिकल कैम्प में 11 मरीजों का इलाज जारी



### ठीक होने पर कर रहे डिस्चार्ज

गौरतलब है कि विगत शुक्रवार की रात करमदा के कुछ ग्रामीणों को उल्टी –दस्त की शिकायत पर मेडिकल टीम द्वारा तत्काल पहुँच कर जाँच उपचार किया गया। जिसमें डायरिया प्रकरण होने पर वहां कैम्प लगाकर मरीजों की भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। मरीजों के ठीक होने पर डिस्चार्ज किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम परसदा में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी से गाली गलौच कर मारपीट कर घर से निकाल दिया, जिसकी शिकायत पर सरायपाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्रार्थी केतकी पटेल ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 2012 में परसदा निवासी दिनेश पटेल के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुआ है, और दो बच्चे हैं। महिला ने बताया कि उसका पति दिनेश पटेल बेवजह बात-बात में उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट करता है तथा 4 अगस्त 2024 की सुबह 7 बजे जबरन उसे गाली गलौच कर हाथ मुक्के डंडे से मारपीट किया तथा घर से निकल जा कहकर जबरन घर से निकाल दिया। इसके बाद प्रार्थिया के पिता उसे लेने गए तो उन्हें भी मारने के लिए चप्पल निकाल लिया। मामले में पुलिस ने शिकायत मिलने पर आरोपी पति के खिलाफ अपराध धारा 115(2), 296 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



### मौली मंदिर में भंडारा का आयोजन आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के मौली मंदिर स्थित शिव लिंग में 12 अगस्त सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। प्रातः काल शिवलिंग को पंचामृत गुलाबजल, गंगाजल से महास्नान कर, श्रृंगार से सजाकर विधिविधान से परंपरा अनुसार जल अभिषेक और विशेष पूजा अर्चना व जाप किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से रात 8 बजे तक भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शाम को महाआरती की जाएगी। शाम 7 से 10 बजे तक मानस मंडलियों द्वारा मानस गान प्रस्तुती दी जाएगी। समिति के सदस्यों ने धार्मिक अनुष्ठान में सभी श्रद्धालु भक्तों को उपस्थित होने की अपील की है। जिसकी तैयारी में समिति के सदस्यगण जुटे हुए हैं।

### पार्थिव शिवलिंग का जलाभिषेक आज

महासमुंद। विश्व हिंदू परिषद जिला महासमुंद द्वारा पुजारी नारायण वैष्णव के मार्गदर्शन में सामूहिक पार्थिव शिवलिंग जलाभिषेक महोत्सव एवं महामृत्युंजय मंत्र जाप का कार्यक्रम 12 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर गांधी चौक महासमुंद में आयोजित किया गया है। आरती उपरांत पार्थिव शिवलिंग का महामाया तालाब महासमुंद में विसर्जित किया जाएगा।

### मर्डर मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरमाडीह में युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों के गिरफ्तार किया है। इस मामले में 9 अगस्त को को प्रार्थी सहदेव भोई की रिपोर्ट पर थाना सांकरा में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। पुलिस ने मामले को लेकर खुलासा करते हुए बताया कि विवेचना के दौरान संदिग्ध अलेख विशाल पिता नारद विशाल (60 साल) निवासी सांकरा से पूछताछ की गई।

## सफलता : सिटी कोतवाली पुलिस ने किया सामान बरामद, वाहन जब्त

# सड़क पर लगी डिवाइडर ग्रिल चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

भाटापारा–बलौदाबाजार मुख्य सड़क मार्ग पर बस स्टैंड बलौदाबाजार के पास डिवाइडर में लगे लोहे का एंगल, ग्रिल, जाली लगाने एवं मरम्मत का कार्य करने के दौरान पार करने चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों से सामान को बरामद कर ले जाने वाले वाहन को जब्त कर लिया है। वाहन चालक व कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 10 अगस्त को प्रार्थी जय वर्मा निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बलौदाबाजार ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि भाटापारा–बलौदाबाजार मुख्य सड़क मार्ग में बस स्टैंड बलौदाबाजार के पास डिवाइडर में लगे लोहे का एंगल, ग्रिल, जाली लगाने एवं मरम्मत का कार्य किया जा रहा था, कि 10 अगस्त को सुबह करीबन 10 बजे उक्त लोहे का एंगल ग्रिल एवं जाली वहां पर नहीं थी, जिसे आसपास पता करने पर पता नहीं चला। उक्त लोहे के सामान को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 303(2) एवं जोड़ने धारा 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

रिपोर्ट दर्ज होते ही प्रकरण में सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पाटिल एवं थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लेने पर यह तथ्य सामने आया कि आरोपी सूरज एवं प्रवीण द्वारा बस स्टैंड बलौदाबाजार के पास मुख्य सड़क मार्ग में लगे लोहे के ग्रिल एवं जाली को चुराकर पिकअप वाहन क्र. सीजी 04 जे.सी. 3598 में वाहन चालक आरोपी दलहरण के माध्यम से ग्राम अर्जुनी ले जाया गया। कबाडी संचालक लव कुमार की दुकान में बिक्री किया गया। प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से 21,000 कीमत मूल्य का लोहे का एंगल, ग्रिल, जाली बरामद किया गया है। चोरी का माल परिवहन करने में इस्तेमाल पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है। प्रकरण में 11 अगस्त को चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की गई।



### चोरी का सामान ले जाने वाला चालक, खरीदने वाले कबाड़ी को पकड़ा

**आरोपीः** सूरज उम्र 30 वर्ष निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, प्रवीण उम्र 30 वर्ष निवासी नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, दिलहरण उम्र 26 वर्ष निवासी मिशन परसाभदेर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली हैं। चोरी का माल परिवहन करने वाला आरोपी पिकअप वाहन चालक लव कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी कबाड़ संचालक लव कुमार अर्जुनी शामिल है।

## तीन मोबाइल चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

- बाइक भी की थी चोरी, ग्राहक नहीं मिलने पर लावरिस छोड़कर भाग गए थे
- आरोपियों से 7 मोबाइल भी किया गया बरामद

**भाटापारा।** बाइक चोरों की तलाश में जुटी पुलिस के हत्थे तीन मोबाइल चोर चढ़ गए। आरोपियों से सात मोबाइल भी बरामद किया गया है। हालांकि चोरों ने एक बाइक को पार किया था। ग्राहक नहीं मिलने पर लावारिस छोड़कर भाग गए थे।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ताराचंद साहू निवासी ग्राम झाल बिल्हा जिला बिलासपुर ने थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 19.05.2024 को रात्रि में अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने हेतु मेहता नगर भाटापारा आया था। अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 10 एएस 4964 को वही चौक में खड़ा कर शादी कार्यक्रम में ▶▶ शेष पेज 11 पर

### अवैध शराब परिवहन दो कोचिए पकड़े गए

**भाटापारा।** भाटापारा शहर पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों की धरपकड़ की जा रही है। 10 अगस्त को रात्रि में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 2 कोचियों को पकड़ा गया। आरोपियों से 3300 रुपए का कुल 30 पाव देशी मसाला शराब बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना भाटापारा शहर अपराध क्र. 398/2024 में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों को पवन उर्फ राजा उम्र 25 साल निवासी माता देवालय वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, कमलेश उम्र 23 साल निवासी ग्राम बम्हनी थाना गिधपुरी शामिल है।



### पकड़े गए आरोपी

- शत्रुहन उम्र 20 वर्ष निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।
- अखबीद उर्फ भैरा उम्र 19 वर्ष निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।
- सोम उम्र 19 वर्ष निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

## आज खरोरा में मिनीमाता पुण्यतिथि एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

गुरु छाया सेवा समिति खरोरा के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद एवं पूज्यनीय मिनीमाता गुरुमाता की 52 वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को स्मृति दिवस के रूप में माता के व्यक्तित्व व कृतित्व को याद करने वेदराम मनहरे भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता एस डी बंजारे सेवानिवृत मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बांधे एवं मनविश्राम गिलहरे ने बताया की दोपहर 2 बजे गुरु आसान गद्दी पूजा व मंगल आरती कर मिनी माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। अपरा- 2. 30 बजे अतिथि स्वागत, अपरान्ह 2 बजे खरोरा परिक्षेत्र के होनहार सामाजिक प्रतिभावान छात्र–छात्रओं का सम्मान किया जाएगा। अपरान्ह 3 बजे माता जी के जीवनी पर विचार अभिव्यक्ति उद्बोधन होगा और 4 बजे आभार प्रदर्शन के पश्चात स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम की समापन होगी।



## स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

आदर्श प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिमगा में एक पेड़ मां के नाम से विद्यालय में पाम का पौधारोपण किया गया। जिसे छात्र छात्राओं ने संरक्षित करने की जवाबदारी ली। वहीं विद्यालय में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। शिक्षकों द्वारा भारत की आन बान शान तिरंगा के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर नीरज शर्मा, माया सलूजा, शिक्षक परिवार से राजवर्धन भोंसले, शेषणारायण, कुशुम सिंह, रुखमान चक्रधारी, राजा कटारे, श्रद्धा ताम्रकार, एन शाह, टीका सोनकर, संगीता श्रीवास्तव, मनीषा पांडेय आदि उपस्थित रहे।



## नर्सरी में युवती की फांसी के फंदे में लटकती मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

कुम्हारी की नर्सरी में एक युवती की लाश रविवार सुबह एक परसा पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली। घटना की जानकारी ग्राम खपरीडीह ,कुम्हारी ,नवीन अमलीडीह के लोगों को हुई। कुम्हारी नर्सरी में ग्रामीणजन भारी संख्या में मौके में पहुंचे हुए थे। युवती की पहचान ग्राम नवीन अमलीडीह निवासी लखनलाल प्रधान की पुत्री प्रीती प्रधान के रुप हुई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने मृतिका के पिता लखनलाल प्रधान एवं भाई को दी। घटना की जानकारी मिलते ही गिधौरी पुलिस घटनास्थल पहुंची।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नवीन अमलीडीह लखनलाल पिता झाडू प्रधान 50 वर्ष की बेटी प्रीति प्रधान 21 वर्ष का विवाह पिछले माह 9 जून को सामाजिक रितिरिवाज से कुम्हारी में हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद युवती प्रीती प्रधान अपने मायके नवीन अमलीडीह आ गई थी। बताया जा रहा है कि 10 जुलाई को गांव के एक युवक के साथ चली गई थी। उसके बाद आज कुम्हारी नर्सरी में युवती का शव एक परसा पेड पर काले कलर की दुपट्टे से फांसी की फंदे पर लटकते मिला। मृतिका के दोनो पैर जमीन पर बराबर पड़े हुए थे।घटनास्थल के पास ही एक सफेद झोले में चूड़ी , सोने का टाप्स ,पांच सौ का नोट, सेव ,सलवार सूट व अन्य कपड़े, क्रीम पाउडर क्लेच, कुर्ती आदि थे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### सही तरीके से हो जांच

मृतिका प्रीती प्रधान के पिता लखनलाल प्रधान एवं भाई सोमनाथ प्रधान ने आरोप लगाया कि प्रीति को गांव को एक युवक भगाकर ले गया था और अपने पास रखा था। कुछ दिन के बाद मारपीट करना और लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया था। कुम्हारी की नर्सरी में हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाये जाने की आरोप लगाते हुए शासन प्रशासन से सही तरीके से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## एसडीआरएफ और होम गार्ड्स के प्रशिक्षित दलों ने लिया हिस्सा

# बाढ़ में फंसे लोगों के बचाव की तैयारी परखने मॉक ड्रिल

हरिभूममि न्यूज ▶▶ पलारी

- तैयारी व बचाव में काम आने वाले उपकरणों को जांचा

नगर पंचायत पलारी में स्थित 150 एकड़ मे फैले बालसमुंद तालाब पर बाढ़ से बचाव के लिए रूटीन मॉक ड्रिल किया गया। रूटीन मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ और होम गाड्र्स नगर सैनिक की प्रशिक्षित दलों ने हिस्सा लिया। वे प्रशिक्षण में मिले सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक हालात में बाढ़ में फंसे व्यक्ति की जान कैसे बचाई जाए, इसका बालसमुंद तालाब पर मंचन और प्रदर्शन किया। इस ड्रिल से वे टीम अपनी तैयारी व बचाव में काम आने वाले उपकरणों की हालात भी जानी। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने मॉक ड्रिल का अवलोकन किया।



राष्ट्रीय आपदा नियंत्रण प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में यह रूटीन मॉक ड्रिल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। संयुक्त कलेक्टर और नोडल अधिकारी मिथलेश डोण्डे ने बताया कि आपदा हमें बताकर नहीं आती। कभी भी यह आ सकती है। ऐसी हालात से निपटने के लिए हमें हमेशा तैयार रहने चाहिए। इसी तैयारी को परखने के लिए हमें समय समय पर मॉक ड्रिल करते हैं। ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। उक्त मॉक ड्रिल में 15–15 बच्चे एनएसएस एवं एनसीसी के भी शामिल रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके में अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, संभागीय कमांडर अनिमिका मिंज कुजूर,एसडीएम पलारी सीमा ठाकुर, तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# एआई तकनीक से बेस किचन की निगरानी, खाना पकाने में गलती होने से तुरंत करेगा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे नई तकनीक का प्रयोग कर खुद को हाईटेक कर रहा है। इस क्रम में जोन भी जल्द ही बेस किचन और लॉन्ड्री एआई तकनीक की मदद लेगा। इसकी शुरुआत पूर्वोत्तर रेलवे समेत देश के विभिन्न जोन में शुरू हो चुकी है। खाने में लगातार मिलने वाली शिकायत को कम करने एआई कैमरा से निगरानी होगी।

इसकी मदद से किचन में शेफ लगती हुई तो तुरंत ही उसे अलर्ट करेगा। आईआरसीटीसी के अधिकारियों का कहना है कि बेस किचन तैयार होने के बाद आने वाले समय में एआई तकनीक की सुविधा भी मिलेगी। तकनीक हर छोटी बड़ी खामियों पर कैमरा तुरंत अलर्ट करेगा। उदाहरण के तौर अगर बेस किचन में काम के समय शेफ ने अपनी टोपी भी उतारी तो कैमरा तुरंत इसकी जानकारी देगा। इतना ही नहीं, थाली की पैकिंग में भी कोई कमी रह गई, तो उसकी भी जानकारी तुरंत ही मिलेगी। इससे यात्रियों की छोटी-छोटी शिकायतें दूर हो सकेंगी।

### खास बातें

- खाने की शिकायतों को कम करने जोन में भी एआई तकनीक की ली जाएगी मदद
- यात्रियों को हाईजेनिक भोजन देने जोन में बन रहे 46 बेस किचन
- बेस किचन से ही ट्रेनों में चढ़ेगा खाना, रूट अनुसार मिलेगी किचन की सुविधा



### जिस ट्रेन में पेंट्रीकार नहीं उन्हें भी मिलेगा लाभ

रेल मंत्री के आदेश के अनुसार रेलवे में कैटरिंग की पुरानी व्यवस्था को खत्म किया जाएगा। आईआरसीटीसी का बेस किचन बनने के बाद लाइसेंस वाले किचन और ट्रेनों में पेंट्रीकार में बनने वाले खाने को धीरे-धीरे बंद किया जाएगा। जोन की ट्रेनों से पेंट्रीकार नहीं हटेगा। आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे के बेस किचन से उन ट्रेनों को भी लाभ मिलेगा, जिनमें पेंट्रीकार नहीं होते। बेस किचन से भोजन को पकाकर उन ट्रेनों के यात्रियों को दिया जा सकेगा। छोटे व बड़े स्टेशनों पर ही बेस किचन तैयार हो रहे हैं, जो यात्री को सुबह का नाश्ता, दोपहर व रात का भोजन मुहैया कराएंगे।

### भोजन की बारीकी से निगरानी

वर्तमान में शिकायत आने पर रेलवे जांच करता है, लेकिन एआई कैमरे से तकनीक ही भोजन की बारीकी से निगरानी करेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए जोन में 46 बेस किचन तैयार हो रहे हैं, जिनमें 20 किचन इसी महीने बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके बाद एआई तकनीक पर काम किया जाएगा। वर्तमान में बेस किचन की सुविधा रायपुर में नहीं है। खास बात यह भी है कि ट्रेनों के रूट अनुसार बेस किचन दिया गया है। जानकारी मुताबिक ठेकेदार को ट्रेन आवंटित की जाएगा। इससे ऑर्डर समय पर मिलेगा और यात्रियों को अधपका भोजन नहीं मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### भूमिगत केबलिंग से सड़क जर्जर, सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** गोलबाजार इलाके में अंडरग्राउंड केबलिंग के अधूरे काम की वजह से सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं, जो हादसे का कारण बन रहे हैं। मर्चेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जोन कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि केबलिंग कार्य की वजह से हर गली और सड़क जर्जर हो गई है, जिसे ठीक कराने की आवश्यकता है। अधिकारी ने उन्हें शीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सतीश जैन, मुरली शर्मा, कलीराम साहू, सुनील पृथवानी, रजा खान शामिल थे।

### गायत्री शक्तिपीठ की बैठक महाकाल की होगी पूजा-अर्चना

**रायपुर।** गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में स्थित महाकाल मंदिर की वर्षगांठ सोमवार को मनाया जाएगी। 12 अगस्त को महाकाल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पिछले वर्ष की गई थी इसलिए प्राण-प्रतिष्ठा के दिवस को विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस संबंध में गायत्री परिवार ट्रस्ट की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में ट्रस्ट कमेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी कड़ी में 11 अगस्त को शाम 4 बजे से भगवान भोलेनाथ के मंदिर में सामूहिक रूप से जनकल्याण के लिए महामंत्रों का जाप किया जाएगा।

### भाजपा महिला मोर्चा के सावन महोत्सव में सीएम साय भी होंगे शामिल

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा रविवार को सावन महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। इसी के साथ राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर की पदाधिकारी शामिल होंगी। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें सावन रानी और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिला कार्यकर्ता और बहनें भाग ले सकती हैं। मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता दुग्गल (पूर्व सांसद, हरियाणा), कौशल्या साय (मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी), भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की कार्यसमिति सदस्य पूजा विधानी और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित रहेंगी।

### अपर कलेक्टर राठौर ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**रायपुर।** अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने गुढ़ियारी के नया तालाब स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन को चखकर गुणवत्ता की जांच की। साथ ही उन्होंने यहां आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के अधिकारियों द्वारा गांवों का निरीक्षण किया जा रहा है और योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली जा रही है।

## भूलने, चिड़चिड़ाहट, गुस्सैल और गुमसुम रहने की बढ़ रही समस्या

# मोबाइल की लत, नजर ही नहीं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मोबाइल में ज्यादा वक्त बिताने की वजह से बच्चों की नजर के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर हो रहा है। उनमें भूलने, चिड़चिड़ाहट, गुस्सैल और गुमसुम रहने की शिकायतें बढ़ रही हैं। राजधानी में निजी और सरकारी अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञों की ओपीडी में माता-पिता मोबाइल एडिक्ट हो रहे बच्चों को लेकर पहुंच रहे हैं।

- शिशु रोग विशेषज्ञों के पास रोजाना पहुंच रहे मोबाइल एडिक्ट बच्चे

कोरोनाकाल तो बीत गया, मगर ऑनलाइन पढ़ाई की वजह से मोबाइल की लत उन्हें लग गई। शिशुरोग विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि छोटे बच्चे मोबाइल के ज्यादा उपयोग की वजह से आटिज्म के शिकार हो रहे हैं। उनमें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। बच्चों को किताबों के जरिए पढ़ाई करने में उन्हें कठिनाई हो रही है। कठिन प्रश्नों और सवालों के जवाब देने में दिक्कत आ रही है। छोटे बच्चों में बोलने-समझने की क्षमता विकसित नहीं हो पा रही है और खेलकूद नहीं करने की वजह से उनका शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार ओपीडी में आने वाले बच्चों के जरूरी इलाज के साथ उन्हें और उनके माता-पिता को मोबाइल के सीमित उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

### इस तरह की समस्या

- बचपन में लगी आदत की वजह से मोबाइल देखते हुए खाना खाने की लत
- लगातार मोबाइल पर गेम खेलने की वजह से कम नींद, दिनभर सुस्ती
- आक्रामक व्यवहार, अकेले में वक्त बिताना और बड़बड़ाना



### जारी की गई है गाइडलाइन

इंडियन एकेडेमी ऑफ पीडियाट्रिक द्वारा मोबाइल के उपयोग से होने वाले साइड इफेक्ट को रोकने के लिए गाइड लाइन भी जारी की गई है। उनके द्वारा शिशु रोग विशेषज्ञों को इस बारे में बच्चों के साथ उनके पैरेंट्स को भी जानकारी देने पर जोर दिया जा रहा है। गाइडलाइन के अनुसार दो साल तक के बच्चों को मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित है। 2-5 साल के बच्चे के लिए दिन में एक घंटे तथा पांच साल से अधिक आयु वाले बच्चों को 2 घंटे, किशोरावस्था में पहुंचने के बाद काम के हिसाब से समय तय करने और उपयोग के दौरान आंखों को आराम देने का जिक्र है।

### बांटे गए थे 40 हजार चश्मे

स्वास्थ्य विभाग अपने अभियान के तहत स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण करता है और जिन्हें आवश्यकता होती है, उन्हें चश्मे का वितरण भी करता है। पिछले साल करीब चालीस हजार बच्चों को चश्मा दिया गया था और इस साल अब तक करीब दस हजार बच्चों को चश्मा बांटकर उसका नियमित उपयोग करने की सलाह दी गई है। अंधत्व निवारण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. निधि अत्रीवाल के अनुसार नजर कमजोर होने की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिसमें मोबाइल का उपयोग भी बड़ा कारण है। आने वाले दिनों में पुनः नेत्र परीक्षण के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

### विशेषज्ञों की राय

मोबाइल के दुष्प्रभाव की वजह से बच्चों में विभिन्न तरह की परेशानी आ रही है। बच्चों को मोबाइल देने के बजाए उनके साथ ज्यादा वक्त बिताना चाहिए। संवाद और किताबों के माध्यम से पढ़ाई पूरी करने पर जोर देना चाहिए। बच्चों को केवल उतना ही मोबाइल दिया जाए, जिससे उनका जरूरी काम पूरा हो सके।

**- डॉ. किरण माखीजा,** शिशु रोग विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष सीजीएपी

मोबाइल का दुष्प्रभाव छोटे बच्चों पर ज्यादा हो रहा है। जिस आयु में उनका मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है उस दौरान वे स्क्रीन टाइम में वक्त गंवाते हैं। भविष्य में यह मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। दो साल से कम आयु के बच्चों को मोबाइल बिलकुल भी नहीं देना चाहिए।

**- डॉ. निलय मोझरकर,** शिशु रोग विशेषज्ञ एवं कोषाध्यक्ष सीजीएपी

# राज्य कोटे से एमबीबीएस एडमिशन चौथे सप्ताह में काउंसिलिंग के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

मेडिकल कालेज में राज्य कोटे से एमबीबीएस की सीटों पर एडमिशन चौथे सप्ताह में होने की संभावना है। दिल्ली से चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की टीम प्रवेश परीक्षा में छत्तीसगढ़ का रिजल्ट लेकर वापस आ चुकी है। माना जा रहा है कि पंद्रह अगस्त के बाद इसके लिए पंजीयन प्रारंभ किया जा सकता है।

- प्रवेश परीक्षा का सीजी रिजल्ट लेकर वापस आई टीम

एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने के लिए चिकित्सा छात्रों को शेड्यूल जारी किए जाने का इंतजार है। राज्य में इस बार दस शासकीय के साथ पांच निजी मेडिकल कालेज में यूजी की पढ़ाई शुरू होगी। राज्य में एमबीबीएस की अभी दो हजार से ज्यादा सीटें हैं। इसके अलावा बीडीएस की 6 सौ सीटों पर प्रवेश दिया जाना है। ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश 14 अगस्त से प्रारंभ होगा। माना जा रहा है कि पंद्रह अगस्त के बार राज्य कोटे के एडमिशन के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी और संभवतः 21 अगस्त से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्य में नीट की परीक्षा में शामिल होने वाले ज्यादातर छात्रों की पहली पसंद मेडिकल कालेज होते हैं। इसके बाद उनके द्वारा बीडीएस की पढ़ाई को महत्व दिया जाता है। एमसीसी द्वारा राज्य के लिए जारी की गई पहले राउंड की काउंसिलिंग की संभावित तारीख 21 से 29 अगस्त है। दूसरे राउंड की प्रवेश प्रक्रिया सितंबर में पूरी की जाएगी। एमबीबीएस की सरकारी कालेजों में 85 फीसदी और निजी कालेजों की पचास प्रतिशत सीट राज्य कोटे के लिए निर्धारित है।



### 22 हजार दावेदार

एमबीबीएस और डेंटल की ढाई हजार सीटों के लिए राज्य में 22 हजार से ज्यादा दावेदार हैं। प्रवेश परीक्षा में 43 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए, जिनमें से 22 हजार सफल हुए थे। इन छात्रों को मेरिट सूची के आधार पर मेडिकल और डेंटल कालेजों में एडमिशन दिया जाएगा।

### पहली पसंद रायपुर

स्टेट कोटे में छात्रों की पहली पसंद रायपुर का शासकीय मेडिकल कालेज रहता है। राज्य में सबसे ज्यादा 230 सीटें इसी कालेज में हैं इसके बाद छात्र बिलासपुर सहित अन्य कालेजों को महत्व देते हैं। रायपुर कालेज का आवंटन प्राप्त करने वाले छात्र एडमिशन का मौका नहीं गंवाते।

**9 सूत्रीय मांग, नवा रायपुर के तूता में देंगे धरना**

# वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आज से बेमियादी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग में कार्यरत प्रदेशभर के 7 हजार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी 11 अगस्त से अपनी 9 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेशभर से हड़ताली कर्मचारी अपने हक की आवाज बुलंद करने रविवार को जुटेंगे। इसमें वाहन चालक से लेकर कंप्यूटर आपरेटर, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, कार्यालय सहायक सहित अन्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शामिल होंगे। कर्मचारियों की हड़ताल से बिलासपुर के नंदनकानन, रायपुर के नंदनवन, नवा रायपुर के जंगल सफारी का काम प्रभावित होगा।

- वाहन चालक, कंप्यूटर आपरेटर, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, कार्यालय सहायक होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी नियमितीकरण, स्थायीकरण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर 11 अगस्त से बेमियादी हड़ताल पर जा रहे हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, प्रदेश महामंत्री राजकुमार चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत कई वर्षो से नियमितीकरण एवं स्थायीकरण की मांग को लेकर वन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शासन का ध्यान आकर्षित कराते रहे हैं, पर आज तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई। इसीलिए 11 अगस्त से काम ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।



### प्रमुख मांग इस तरह

- वन विभाग में 6 मार्च 2008 से पूर्व और 31 दिसंबर 2017 तक कार्यरत दैनिक वेतनभोगी, दैनिक श्रमिक, वाहन चालक, कंप्यूटर आपरेटर, कार्यालय सहायक,भृत्य, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक, उच्च कुशल, कुशल, अकुशल श्रमिक जिनकी सेवा अवधि 10 साल पूरी हो चुकी हो, उसे सांख्येतर पद स्वीकृत कर नियमितीकरण किया जाये।
- 31 दिसंबर 2017 के बाद कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जिनकी सेवा अवधि 2 वर्ष पूरी हो चुकी है। उसे स्थायी कर्मचारी बनाकर स्थायीकरण करने की मांग।
- वन विभाग मे कार्यभारित आकस्मिक निधि सेवा नियम 2023 पुनः लागू किया जाये।
- वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, श्रमिकों का जब तक नियमितीकरण नहीं हो जाता है, तब तक वन विभाग में तृतीय श्रेणी व चतुर्थ श्रेणी के वन रक्षक, वाहन चालक, भारी वाहन चालक, सहायक ग्रेड 3 के रिक्त पदों के सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाये। और उक्त रिक्त पदों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को समाहित किया जाये।
- प्रदेश के वन मंडलों में दैनिक वेतनभोगी, दैनिक श्रमिक, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री आपरेटर, कंप्यूटर आपरेटर को विगम 4 से 5 माह के लंबित वेतन का भुगतान करने और डिपो में कार्यरत श्रमिकों के 8 से 9 माह से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान करने की मांग।
- 4 हजार रुपये श्रम सम्मान की राशि भुगतान की मांग।

# सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर निर्माण कार्य बेहद धीमा, नेता प्रतिपक्ष ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरवासियों को आवारा कुत्तों के खौफ से निजात दिलाने नगर निगम सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर का निर्माण करवा रहा है। 1 साल बीतने के बाद भी निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार ने शहरवासियों की चिंता बढ़ाई है। इधर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने स्पॉट पर पहुंचकर निर्माण कार्य में देर को लेकर विभागीय अधिकारियों से सवाल किया, अब तक डॉग शेल्टर का काम पूरा क्यों नहीं हुआ? अधूरे काम को जल्द पूरा करने उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।

- स्थल पर निर्माण कार्य का लिया जायजा
- 30 फीसदी हो पाया काम



प्रदेश के पहले डॉग शेल्टर का निर्माण राजधानी रायपुर के जोन 8 स्थित सोनडोंगरी में किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने स्थल निरीक्षण के दौरान यह पाया कि निर्माण कार्य अभी मात्र 30 फीसदी ही हुआ है, जबकि अब तक डाग शेल्टर बनकर तैयार हो जाना था। विदित हो, करीब 50 लाख की लागत से प्रथम फेज डॉग शेल्टर का निर्माण कराने प्रथम निविदा 21 मार्च 2023 को आमंत्रित की गई। अनुबंधित ठेकेदार आरके टेक ने कार्य पूरा करने जिम्मेदारी ली। अनुबंध की शर्त के अनुसार दिसंबर 2023 तक डॉग शेल्टर बनाने की मियाद रही, पर 15 फीसदी कार्य करने के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। निविदा निरस्त होने के बाद फ़रवरी 2024 में इस कार्य के लिए दोबारा निविदा आमंत्रित की गयी। इसमें अनुबंधित ठेकेदार को धीमी गति से काम करने के कारण नोटिस दिया गया।

इस तरह लगातार चेतावनी के बाद अंततः उसका भी टेंडर निरस्त कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा डॉग शेल्टर निर्माण कार्य देर के लिए जिम्मेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही बकाया निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने संबंधित जोन को निर्देशित करने के लिए कहा है।

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एकसाथ कराने पर भूपेश बोले- संभव नहीं वन नेशन वन इलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को एक साथ कराने को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार वन नेशन वन इलेक्शनकैसे करा सकती है? चुनाव केवल पंचायत और नगरीय निकाय के नहीं होते। चुनाव विधानसभा के भी होते हैं और लोकसभा के भी। जो राज्य सरकार के हाथ में नहीं है, वे वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में क्या चर्चा करेंगे। इनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होगी। वन नेशन वन इलेक्शन संभव ही नहीं है।

संवाददाताओं से चर्चा में गौ-अभयारण को लेकर पूर्व सीएम ने कहा, एक भी जगह नहीं बना है। अभी जो मवेशी हैं, सड़कों और खेतों में घूम रहे हैं। सड़क पर जानमाल का नुकसान हो रहा है और खेतों में फसल का नुकसान हो रहा है। सरकार हाथ पर हाथ धरी बैठी हुई है। किसी भी गांव में जाओ, 100-50 छोटे जानवर दिखेंगे ही। इससे एक तरफ जानमाल का नुकसान हो रहा है और गोबर जहां-जहां पड़े, वहां गंदगी फैल रही है, मच्छर पैदा हो रहे हैं और कई प्रकार की बीमारियां होने की संभावना है।



## फोरपोल लगाने का काम तेजी से चल रहा : वर्मा

# कमल विहार को अंडरग्राउंड बिजली की समस्या से निजात दिलाने में जुटा सीएसपीडीसीएल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में सर्वसुविधायुक्त आवासीय कॉलोनी उपलब्ध कराने के लिए चर्चित कमल विहार में आए दिन बिजली गुल होने से वहां के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के इस प्रोजेक्ट ने रहवासियों को तमाम तरह की सुविधाएं देने का वादा किया है, लेकिन अंडरग्राउंड बिजली का सिस्टम सिरदर्द बन गया था। आए दिन बिजली कटौती से वहां के रहवासी खासे परेशान थे। स्थिति यहां तक आ गई कि कमल विहार में लगे ट्रांसफार्मर यार्डों के खराब 11 केवी प्रोटेक्शन पैनल को फोरपोल डीओ यूनिट को बदलने तक की नौबत आ गई। लोगों की शिकायतें राज्य बिजली कंपनी के चेयरमैन पी. दयानंद और कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को मिलते ही सीएसपीडीसीएल और आरडीए के अधिकारियों ने वस्तुस्थिति देखी। आरडीए ने इस खराबी को दूर करने बिजली कंपनी को 1.87 करोड़ रुपए का भुगतान किया। समस्या को दूर करने सीएसपीडीसीएल तत्काल इस खराबी को दूर करने की तैयारियों में जुट गया और खराब ट्रांसफॉर्मर यार्ड को बदलने के लिए 27 फोरपोल लगाने का तेजी से कराया जाने लगा। स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा ने बताया कि कमल विहार में अंडरग्राउंड बिजली सिस्टम में खराबी है, उसके कई ट्रांसफार्मर यार्ड खराब हुए हैं। कमल विहार के बिजली सिस्टम को दुरुस्त करने तेजी से काम कराया जा रहा है।



### तैयार कराए गए 17 पोल

मनोज वर्मा ने बताया कि खराब ट्रांसफार्मर यार्ड बदलने के लिए 27 फोरपोल लगाने का काम तेजी से कराया जा रहा है। इनमें से 17 पोल दो से तीन दिनों के अंदर तैयार कराए गए। ठेकेदारों को इसके लिए टेंडर प्रक्रिया से काम दिया गया है। अगले 3 दिनों में सभी 27 फोरपोल का काम पूरा करा लिया जाएगा। काम पूरा कराने कमल विहार के किसी भी सेक्टर में शटडाउन लिया सकता है। सेक्टर वाइस शटडाउन की सूचना भी दी गई है।

# सरल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सरल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर बढ़ाये जाने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें यह मांग की गई कि इस योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये हैं और बहुत सारे नये प्रकरण शामिल होना है। मार्च में अवकाश ज्यादा है, इसलिए इस योजना की समय अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 31 दिसंबर 2024 तक की जाये।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज व शास्ति के निपटान अधिनियम 2023 की तारीख को 31 दिसंबर तक बढ़ाने का आग्रह किया है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने पारवानी ने वाणिज्यिक कर मंत्री से अनुरोध किया है कि योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये हैं, और अभी भी बड़ी संख्या में नए प्रकरण शामिल होना बाकी है। इसीलिए अधिक से अधिक व्यवसायिओं को योजना में शामिल होने का मौका देने इसकी अंतिम तारीख बढ़ाई जाये।



# भूतेश्वर महादेव में जलाभिषेक करेंगे खपरी-भवानीपुर के कांवरिए

## गीत संगीत के माध्यम से कीर्तन भजन एवं झांकी के साथ पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरी भवानीपुर से 100 कांवरिये भूतेश्वर महादेव गरियाबंद में जल अभिषेक करने के लिए रवाना हुए। जिसे गांव के उपसरपंच व दुखु राम ,भुपेंद्र सेन ने श्रीफल गुलाल तिलक लगाकर रवाना किया। इसी प्रकार ग्राम वटगन से लगभग 50 की कांवरिया की टोली सिंगरौद बम्हनी महासमुंद से सिरपुर के महादेव में जल अभिषेक करेगी। विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर पंडित चिंतामणि तिवारी, गायत्री शर्मा एवं राकेश शर्मा द्वारा गुलाल एवं तिलक लगाकर रवाना किया गया।

- ग्राम वटगन से लगभग 50 कांवरियों की टोली सिरपुर में करेगी अभिषेक



### जगह- जगह किया जा रहा स्वागत

कांवरियों का जगह–जगह गुलाल लगाकर स्वागत किया जा रहा है जिसमें देवेंद्र सेन, रितेश, पवन, संतोष कन्नौजे ,अमन सेन, पंकज, समीर बघेल, सतीश ढिढी, प्रकाश भुवन, दीपक, यशवंत, पंकज, कन्नौजे, माधवेंद्र और भी अन्य कांवरिया की टोली को सह सम्मान रवाना किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार कवारियों की टोली राजिम में त्रिवेणी संगम से जल उठाकर पहले कुलेश्वर महादेव में जल अभिषेक करेंगे। उसके बाद भुतेश्वर महादेव में जल चढ़ने के लिए रवाना होंगे। कहा जाता है कि भूतेश्वर महादेव पहाड़ियों से घिरे अंचल में प्रकृति प्रदत्त सबसे विशाल शिवलिंग विराजमान है। इसका आकार हर साल और बढ़ जाता है। यह शिवलिंग प्राकृतिक रूप से निर्मित है। हर साल महाशिवरात्रि और सावन सोमवार को लंबी पैदल यात्र करके कांवरिए यहां पहुंचते हैं। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में स्थित इस शिवलिंग को यहां भुतेश्वरनाथ के नाम से पुकारा जाता है। जिसे भकुर्रा भी कहा जाता है। द्वादश ज्योतिलिंगों की भांति छत्तीसगढ़ में इसे अर्धनारीश्वरशिवलिंग होने की मान्यता प्राप्त है। संभवतः इसीलिए यहां पर हर साल आने पैदल आने वाले भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### आज आधार, आयुष्मान श्रम और पीएम विश्वकर्मा पंजीयन शिविर

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ क्षेत्र में 12 अगस्त को आधार कार्ड अपडेट, आयुष्मान, श्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन शिविर बिलाईगढ़ के हाथीथान चौक में, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम गोविंदवन, अलीखुद, डोकरीडीह, पिरदा, भंडोरा, साजापाली, खैरझिटी, धोबनी, धनगांव, संरगुली, गिरसा, शंकर नगर, पवनी, कोदवा में होगा। इसके अलावा अमलडीहा, कड़ियारवार, लिमतरी, मोहतरा, सोनाडुला, जैतपुर, चारभाठा, दोमुहानी, पिकरीपाली, टुंडरी, साल्हेवना, हरदी, झूमरपाली, ढनढनी, जोरा, टाटा, सलोनीखुर्द, रायकोना, मधुबनकला और तिलाईपाली में आयोजित होगा।

### तुषार ने किया बोलबम कांवरियों का स्वागत



**महासमुंद।** सावन माह में देशभर के सभी प्रसिद्ध शिव मंदिरों में कांवर यात्रा निकालकर जलाभिषेक की परंपरा है। इसी कड़ी में शिव भक्त बम्हनी श्वेत गंगा से जल लेकर पैदल सिरपुर के लिए रवाना हुए कांवर यात्रियों का नेहरू चौक में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार ने स्वागत किया। इसी परंपरा की शुरुआत करते हुए महासमुंद में बड़ी संख्या में शिव भक्त जुटे। कांवर यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां भी शामिल हुई हैं, कुछ बच्चे भी कांवर लेकर नंगे पांव चलते नजर आ रहे हैं। भगवा वस्त्र में कंधे पर कावड़ लिए बोल बम का उद्घोष करते शिव भक्त सिरपुर से निकल पड़े। इनके आगे-आगे भजनों के साथ डीजे चल रही है। रास्तेभर कांवर यात्रियों के स्वागत सत्कार हुआ। कावंड यात्रियों पर पुष्प वर्षा की गई। जगह-जगह फल, शरबत, पानी आदि कांवर यात्रियों को प्रदान किया गया।

### कार्यकर्ताओं के परिश्रम से हर घर लहराएगा तिरंगाः अलका



**बागबाहरा।** भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव में एक नई ऊर्जा भरी है। भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को नई ऊंचाई तक ले जा रहे हैं। देश की आन बान शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को घर-घर फहराना है या औपचारिक ना होकर हर बूथों में कम से कम 50 तिरंगा घर-घर फहराया जाएगा। प्रदेश में 15 अगस्त तक यह कार्यक्रम होना है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जनता में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करेगा एवं कार्यकर्ता हर घर जाकर समूह में तिरंगा फहराएंगे। 14 अगस्त को सभी स्मारक शहीद प्रतिमा युद्ध स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाकर माल्यार्पण भी किया जाएगा। तिरंगा यात्रा प्रत्येक विधानसभा में आयोजित की जाएगी। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजयुमो द्वारा होगा। उक्त जानकारी अलका चंद्राकर हर घर तिरंगा अभियान के टोली प्रमुख ने दी। उन्होंने आम जनता से इस पुनीत कार्य में सहभागी होने का निवेदन किया है। यह राष्ट्रीय व्यापी अभियान है।


## आयोजन : शहर व ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक

# कार्यकर्ताओं की एकता ही पार्टी की ताकत एकजुट होकर कांग्रेस को बनाएं मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आवश्यक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक इंद्र साव उपस्थित थे। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हम सभी को संविधान यात्रा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। गौ माता के सम्मान में गौ सत्याग्रह कार्यक्रम में भी सभी को उपस्थित रहना है। बैठक में विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और कहा की कार्यकर्ता की एकता ही पार्टी ताकत है। हम सबको एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाना है । ताकि आने वाले समय में भाजपा सरकार को राज्य और केंद्र से विदा करना है।

- संविधान यात्रा व गौ सत्याग्रह कार्यक्रम को लेकर हुई चर्चा



बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष अरुण यादव ने बताया की प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संविधान यात्रा 14 अगस्त को निकाली जाएगी। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। भाजपा सरकार जब से आई है तब से गोधन गौ न्याय योजना को बंद कर सभी गांव शहर में सरकार द्वारा संचालित गोठान बंद कर दिए हैं। जिससे गौमाता सड़क पर बैठने मजबूर है। जिस वजह से सड़क हादसे अत्यधिक हो रहे है। इसके विरोध में 16 अगस्त को गौ सत्याग्रह किया जाएगा। साथ-साथ एसडीएम कार्यालय का भी घेराव किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में भी सभी कार्यकर्ताओं को गौ माता के सम्मान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपना विरोध दर्ज करना है। बैठक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की रूपरेखा पर चर्चा हुआ। बैठक को पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा , पूर्व श्रम मंडल सदस्य आलोक मिश्रा सिंधी अकादमी के सदस्य रोशन हवलानी ने भी संबोधित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष अरुण यादव वरिष्ठ कांग्रेसी ईश्वर सिंह ठाकुर पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य आलोक मिश्रा, सिंधी साहित्य परिषद सदस्य रोशन हवलानी, ग्रामीण अध्यक्ष अमर मंडावी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी राधेश्याम शर्मा फग्गा महाराज पूर्व पार्षद नानू सोनी, अय्युब बांठिया,संतोष सोनी, सचिन शर्मा, ग्रामीण महामंत्री मनहरन वर्मा,जिला सचिव गोपाल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र अहिरवार राजेंद्र वर्मा, सभापति रोहित साहू,चंद्रशेखर चक्रधारी, जहीर बांठिया,पूरन सिंह चौहान, नवीन बक्स, हंसराज बंसल, शहर महामंत्री मुकेश साहू,पुनीत दास मानिकपुरी, सत्यजीत शेंडे, मनमोहन कुर्रे ,मोहन निषाद ,आकिब मेमन, शादाब जलियांवाला, शेष नारायण यदु, अजय यादव ,बुद्धेश्वर रजक ,गुलशनसाहू, लोकेश यदु, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला साहू ,निर्मला कौशल, कुमारी जांगड़े ,दानी भाट ,पूर्णिमा श्रीवास,ईश्वर सेन, गिरिराज चावड़ा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ साथ पालकों की भी भूमिका महत्वपूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समीपस्थ ग्राम गनियारी में 6 अगस्त को नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वन हेतु 12 बिंदुओ पर पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल संपन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के पूजा अर्चना से प्रारंभ हुई। तत्पश्चात शिक्षकों द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें पालको द्वारा भी सुझाव प्रदान किए गए। नई शिक्षा नीति में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों के साथ साथ पालकों की भूमिका पर जोर दिया गया। अतिथियों द्वारा स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण भी किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सोना वर्मा , सदस्य जिला पंचायत रायपुर, गुलाब सिंह टिकरिहा सदस्य रेलवे बोर्ड भारत सरकार, झरना वर्मा जनपद सदस्य, मेनुका महेश साहू सरपंच ग्राम गनियारी उपस्थित हुए। शाला परिवार की ओर से के.एल टोप्पो प्राचार्य, पटेल सर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। साथ ही विधायक प्रतिनिधि महेश साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष यशवंत वर्मा, मिडिल स्कूल के अध्यक्ष श्याम लाल, प्राथमिक स्कूल के अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, सदस्य आनंद वर्मा, धनेंद्र वर्मा, ऋतु वर्मा, लता वर्मा, दुर्गा वर्मा, दिलेश्वर वर्मा, देवेंद्र यादव, भागीरथी वर्मा, खूबी राम वर्मा, ओमकार साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

- नई शिक्षा नीति के क्रियान्वन के लिए हुई मेगा बैठक
- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल गनियारी में हुई

# आकाशीय बिजली गिरने की संभावित जानकारी देगा दामिनी एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ

आकाशीय बिजली घटित होने के कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचना प्राप्त होती है। दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान 20–31 किलोमीटर का दायरा आवश्यक तैयारी, उपाय आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसी तरह मेघदूत एप मुख्य रूप से मौसम पूर्वानुमान तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि से संबंधित है। जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

भारत सरकार के मौसम विभाग ने मेघदूत नाम का एक ऐप विकसित किया है जो किसान की फसलों का सुरक्षा कवच है। मेघदूत ऐप डिजिटल इंडिया के तहत किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा लांच किया गया है। इसका उपयोग बेहद सरल है। इसके माध्यम से मौसम की जानकारी के आधार पर किसानों को फसल जोखिम प्रबंधन से संबंधित सलाह मिलती है। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से किसानों को डाउनलोड करना होगा और फिर अपने मोबाइल नंबर से पंजीकरण करके मौसम की जानकारी का अलर्ट पा सकते हैं।

### मौसम पूर्वानुमान की जानकारी देगा मेघदूत एप




### आधे घंटे पहले मिल जाएगी सूचना

दामिनी एप को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी पुणे के द्वारा विकसित किया गया है। इस ऐप के माध्यम से किसान को आकाशीय बिजली से बचाव के तरीकों के संबंध में आधे घंटे पहले ही सूचना उपलब्ध हो जाएगी। इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत किसान की लोकेशन के अनुसार उस स्थान से 10 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी के बारे में ऑडियो संदेश एवं एसएमएस के माध्यम से अलर्ट मिलेगा।

### बागबाहरा में हुआ पूर्व सीएम का स्वागत

**बागबाहरा।** विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन कोमाखान में हुआ। कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे थे। इस दौरान बागबाहरा स्थित विश्रामगृह में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के साथ कांग्रेस के नेताओं ने चर्चा भी की। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, हीरा सेतराम बघेल, राजेश सोनी, विष्णु महानंद, नवनीत सलूजा ताम्र ध्वज बघेल, अशोक अग्रवाल, गिरीश पटेल पंकज हरपाल, फिरोज मेमन, दुर्गा सागर, सेवती ध्रुव, मंता यादव, सेतराम बघेल, योगेश बघेल, देवेश साहू, धर्मेंद्र ठाकुर, सविता निषाद, जानकी निषाद, दिनेश मोगरे, दुर्गेश यादव, फूल सिंह ध्रुव, खोमेश साहू, लोकेश दीवान, मोहित पांडे, मोहित साहू, बड़ा खान, समीम खान, उत्तम शर्मा, लोकेश उइके, प्रकाश पाणीग्रही , यादव राजू चंद्राकर, कोमाखान कांग्रेस कमेटी से संतोष पटेल, पोखन महानंद, राजेश त्रिपाठी प्रदीप यादव, शिवचरण कुर्रे, सफी मोहम्मद, कमल राम साहू, हेम लाल साहू, केजू चक्रधारी, तूफान दीवान, रवि निषाद, सेवा राम साहू, जयंती सुनील आदि मौजूद रहे।

# आदर्श रामलीला नाटक मंडली ने मनाई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर की 105 वर्ष पुरानी आदर्श रामलीला नाटक मंडली स्थापित सन 1920 ने गोस्वामी तुलसीदास की जयंती शंकर वार्ड स्थित पुराना गंज मैदान रामलीला कार्यालय में हनुमान चालीसा, आरती एवं तुलसीदास के पूजन अर्चना कर उनके द्वारा रचित रामचरित मानस की पूजा अर्चना कर एवं प्रसादी वितरण कर मनाया गया । आदर्श रामलीला नाटक मंडली तुलसीदास को अपना आधार मानती है। क्योंकि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस के आधार पर नवरात्र पक्ष में भगवान श्री रामचंद्र के चरित्र वर्णन की गाथा पर लीला भाटापारा के लोगों के सामने प्रस्तुत करती है। भगवान श्रीराम के आदर्श एवं उनके मार्गों पर सभी को चलने के लिए प्रेरित करती है।

- भगवान श्रीराम के आदर्श एवं उनके मार्गों पर चलने को प्रेरित करती है रामचरित मानस



### ये रहे उपस्थित

तुलसीदास की जयंती के अवसर पर भाटापारा आदर्श रामलीला नाटक मंडली के अध्यक्ष एवं संगीत निर्देशक प्रकाश शर्मा, लाला देवनारायण शर्मा, रामलीला उपाध्यक्ष जगदीश वैष्णव , सचिव कोमल शर्मा, प्रबंधक हेमंत मल, संदीप मल, बाबू सूर्यकांत शुक्ला, बजरंग चौरसिया, वरिष्ठ कलाकार मनोज गुप्ता एवं अन्य कलाकारों में धर्मपाल सोनी, नमन मल, आयुष तिवारी, हर्ष गुप्ता, श्याममल जयमल, अभी अग्रवाल, मंगल मिश्रा, वैभव तिवारी, लक्ष्य चौरसिया,आदित्य सोनी, आदित्य जोशी, लव शर्मा, काव्यांश शर्मा एवं सभी रामलीला से संबंधित सदस्य उपस्थित रहे ।

## गिरदावरी निरीक्षण करने फील्ड पर पहुंचे कलेक्टर

# शुद्धतापूर्ण गिरदावरी के लिए पटवारियों को चेताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी रविवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पौंसरी के खेतों में अकस्मात पहुँचकर गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पटवारी, आर.आई. व तहसीलदार को त्रुटिहीन एवं शुद्धतापूर्वक गिरदावरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों से गिरदावरी कार्य एवं खेती–किसानी के बारे में जानकारी ली।

- रिकॉर्ड खसरा पांचसाला की रैंडम जांच की

कलेक्टर ने ग्राम पौंसरी में मौके पहुँचकर खसरा नंम्बर 44/1 किसान रामचंद्र, खसरा नंबर खसरा नम्बर 43 किसान गीता बाई, खसरा नंबर 44/2 किसान अमरनाथ वर्मा के खेतों में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पटवारियों द्वारा दर्ज की जाने वाले रिकॉर्ड खसरा पांचसाला का रैंडम जांच किया। उन्होने कहा कि गिरदावरी में रकबा और फसल का सही–सही अंकन हो। गिरदावरी के दौरान मौके पर उपस्थित किसानों से गिरदावरी के बारे में बताएं। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शासन की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान उन्होंने छुट्टा घूमने वाले मवेशियों के नियंत्रण के लिए पटवारी,सरपंच– सचिव को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### समयसीमा पर पूरा करें

ज्ञातव्य है कि राज्य शासन के निर्देश के अनुसार 1 अगस्त से गिरदावरी शुरू हुआ है जो 30 सितम्बर तक चलेगा। कलेक्टर ने समय सीमा में गिरदावरी का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एस डीएम अमित कुमार गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौजूद थे।

